Prepp
Your Personal Exams Guide



1. Which factor is primarily responsible for transforming a large population from a potential liability into a productive national asset ?

(1) Physical capital density (2) Human capital investment

(3) Land area expansion (4) Material plant acquisition

कौन-सा कारक मुख्य रूप से एक विशाल जनसंख्या को संभावित बोझ से उत्पादक राष्ट्रीय संपत्ति में परिवर्तित करने के लिए जिम्मेदार है ?

(1) भौतिक पूंजी घनत्व ✓(2) मानव पूंजी निवेश

(3) भूमि क्षेत्र विस्तार (4) भौतिक संयंत्र अधिग्रहण

2. Which dimension of food security ensures that every individual has sufficient money to buy safe and nutritious food ?

(1) Availability (2) Accessibility (3) Affordability (4) Accountability

खाद्य सुरक्षा का कौन-सा आयाम यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक व्यक्ति के पास सुरक्षित और पौष्टिक भोजन खरीदने के लिए पर्याप्त धन हो ?

(1) उपलब्धता (2) सुगमता ✓(3) वहनीयता (4) जवाबदेही

3. Why does the GDP calculation include only the value of "final goods and services" ?

(1) To make calculation faster.

(2) To avoid double-counting the value of intermediate goods.

(3) To ignore the primary sector.

(4) To focus only on export items.

सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की गणना में केवल "अंतिम वस्तुओं और सेवाओं" का मूल्य ही क्यों शामिल किया जाता है ?

(1) गणना को तेज़ बनाने के लिए।

✓(2) मध्यवर्ती वस्तुओं के मूल्य की दोहरी गणना से बचने के लिए।

(3) प्राथमिक क्षेत्र को अनदेखा करने के लिए।

(4) केवल निर्यात वस्तुओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए।

6207343

Prepp
Your Personal Exams Guide

4. Abdul owns a small furniture workshop. He deposits ₹ 1,00,000 as savings in a bank. The bank uses a part of these deposits, to provide a loan of ₹ 50,000 to Ruby to start a tailoring business. Ruby buys a sewing machine, pays wages to her assistants and after six months, earns enough to repay the loan with interest.
The bank pays Abdul interest on his deposit and uses the remaining interest income for its operations and profit. Based on this situation, which of the following statements is the most appropriate of the bank's role ?
(1) The bank merely acts as a safe keeper of money and returns it to depositors when needed.
(2) The bank helps in capital formation by accepting deposits and lending for productive activities, thereby facilitating economic growth.
(3) The bank only benefits the borrowers by providing them loans, while depositors do not gain significantly.
(4) The bank's main function is to print currency and distribute it to people in need of funds.
अब्दुल की फर्नीचर की एक छोटी कार्यशाला है। वह एक बैंक में बचत के रूप में ₹ 1,00,000 जमा करता है। बैंक इन जमा राशियों के एक हिस्से का उपयोग, रूबी को सिलाई का व्यवसाय शुरू करने के लिए, ₹ 50,000 का ऋण देने के लिए करता है। रूबी एक सिलाई मशीन खरीदती हैं, अपने सहायकों को वेतन देती है और छह महीने बाद, ब्याज सहित ऋण चुकाने के लिए पर्याप्त कमा लेती है।
बैंक अब्दुल को उसकी जमा राशि पर ब्याज देता है और शेष ब्याज आय का उपयोग अपने संचालन और लाभ के लिए करता है। इस स्थिति के आधार पर, बैंक की भूमिका का सबसे उपयुक्त कथन कौन-सा है ?
(1) बैंक केवल धन के सुरक्षित रखवाले के रूप में कार्य करता है और आवश्यकता पड़ने पर इसे जमाकर्ताओं को लौटा देता है।
✓(2) बैंक जमा स्वीकार करके और उत्पादक गतिविधियों के लिए ऋण देकर पूंजी निर्माण में मदद करता है, जिससे आर्थिक विकास सुगम होता है।
(3) बैंक केवल ऋण लेने वालों को ऋण प्रदान करके लाभ पहुँचाता है, जबकि जमाकर्ताओं को महत्वपूर्ण लाभ नहीं होता है।
(4) बैंक का मुख्य कार्य मुद्रा छापना और इसे उन लोगों को वितरित करना है जिन्हें धन की आवश्यकता है।

5. Consider the following two statements on the functions of money as a medium of exchange.
**Statement (A)** : Money as a medium of exchange acts as an intermediate in the exchange process.
**Statement (B)** : Money as a medium of exchange allows deferred payments.
Choose the **correct** option :
(1) Both **Statement (A)** and **Statement (B)** are true.
(2) **Statement (A)** is true but **Statement (B)** is false.
(3) **Statement (A)** is false but **Statement (B)** is true.
(4) Both **Statement (A)** and **Statement (B)** are false.
विनिमय के माध्यम के रूप में मुद्रा के कार्यों पर निम्नलिखित दो कथनों पर विचार कीजिए।
**कथन (A)** : विनिमय के माध्यम के रूप में मुद्रा, विनिमय प्रक्रिया में एक मध्यवर्ती के रूप में कार्य करती है।
**कथन (B)** : विनिमय के माध्यम के रूप में मुद्रा, स्थगित भुगतानों की अनुमति देती है।
**सही** विकल्प चुनिए :
✓(1) कथन **(A)** और कथन **(B)** दोनों सत्य हैं।
(2) कथन **(A)** सत्य है लेकिन कथन **(B)** असत्य हैं।
(3) कथन **(A)** असत्य है लेकिन कथन **(B)** सत्य हैं।
(4) कथन **(A)** और कथन **(B)** दोनों असत्य हैं।

Prepp
Your Personal Exams Guide

6. Which of the following best captures the significance of the distinction between *"procedure established by law"* and *"due process of law"* in the evolution of Indian Fundamental Rights ?
(1) It shows that Indian courts strictly avoid examining the fairness of laws
(2) It reflects the shift from legislative supremacy to judicial scrutiny of reasonableness and fairness
(3) It proves that constitution originally rejected all forms of judicial review
(4) It establishes that personal liberty can be suspended without constitutional limits

मौलिक अधिकारों के विकास में *"कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया"* और *"न्यायोचित प्रक्रिया (due process)"* के बीच अंतर का महत्व क्या दर्शाता है ?
(1) यह दर्शाता है कि भारतीय न्यायालय कानूनों की न्यायसंगतता की जांच से सख्ती से बचते हैं
(2) यह विधायी सर्वोच्चता से हटकर न्यायालयों द्वारा तर्कसंगतता और न्यायसंगतता की समीक्षा की ओर बदलाव को दर्शाता है
(3) यह सिद्ध करता है कि संविधान ने मूल रूप से न्यायिक समीक्षा को अस्वीकार कर दिया था
(4) यह स्थापित करता है कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता को बिना किसी संवैधानिक सीमा के निलंबित किया जा सकता है

7. Transforming education into a Fundamental Right indicates recognition that :
(1) Political equality is sustainable without addressing social disadvantage
(2) Access to education is primarily an economic policy concern
(3) Effective exercise of democratic freedoms depends on enabling social conditions
(4) Fundamental Rights must be limited to civil and political liberties

शिक्षा को मौलिक अधिकार का दर्जा देने से यह मान्यता प्रकट होती है कि :
(1) सामाजिक असमानताओं को संबोधित किए बिना भी राजनीतिक समानता टिकाऊ है
(2) शिक्षा तक पहुँच मुख्यत: आर्थिक नीति का विषय है
(3) लोकतांत्रिक स्वतंत्रताओं का प्रभावी उपयोग सामाजिक रूप से सक्षम परिस्थितियों पर निर्भर करता है
(4) मौलिक अधिकारों को केवल नागरिक और राजनीतिक स्वतंत्रताओं तक सीमित रहना चाहिए

8. The expanding scope of rights most strongly challenges which traditional assumption ?
(1) Fundamental Rights are the only rights citizens have
(2) That rights are subject to reasonable restrictions
(3) That Parliament is the sole maker of laws
(4) That Directive Principles are non-justiciable

अधिकारों के विस्तृत होते दायरे से संविधान की कौन-सी पारंपरिक धारणा सबसे अधिक चुनौती पाती है ?
(1) मौलिक अधिकार ही लोगों का एकमात्र अधिकार है
(2) कि अधिकारों पर युक्तिसंगत प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं
(3) कि संसद ही कानून बनाने वाली एकमात्र संस्था है
(4) कि निदेशक सिद्धांत न्यायालय में प्रवर्तनीय नहीं हैं

Prepp
Your Personal Exams Guide

9. Sri Lank's early post-independence constitutional choices are frequently interpreted as an example of :
(1) Federal accommodation of diversity
(2) Majoritarian nation-building through linguistic and religious preference
(3) Multicultural constitutionalism
(4) Power devolution through regional autonomy

स्वतंत्रता के बाद श्रीलंका की प्रारंभिक संवैधानिक नीतियों को अक्सर किस रूप में समझा जाता है?
(1) विविधता के संघीय समायोजन के रूप में
(2) भाषाई और धार्मिक वरीयता के माध्यम से बहुसंख्यक राष्ट्र-निर्माण के प्रयास के रूप में
(3) बहुसांस्कृतिक संवैधानिकता के रूप में
(4) क्षेत्रीय स्वायत्तता के माध्यम से सत्ता के विकेंद्रीकरण के रूप में

10. Which of the following statements about apartheid system in context of South Africa is **incorrect** ?
(1) It was a system of racial discrimination
(2) It was imposed by White Europeans
(3) It was unique to the country
(4) It was practiced only against the Black natives

दक्षिण अफ्रिका के संदर्भ में रंगभेद (अपार्थीड) की व्यवस्था के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **गलत** है?
(1) यह नस्लीय भेदभाव की एक व्यवस्था थी।
(2) इसे गोरे यूरोपीय लोगों द्वारा लागू किया गया था।
(3) यह उस देश (दक्षिण अफ्रीका) के लिए विशिष्ट थी।
(4) यह केवल अश्वेत मूल निवासियों के खिलाफ प्रचलित थी।

11. Which of the following economists emphasized Food Security as the "access" to food through 'Entitlements' ?
(1) Manmohan Singh
(2) M.S. Swaminathan
(3) Abhijit Banerjee
(4) Amartya Sen

निम्नलिखित में से किस अर्थशास्त्री ने 'हक़दारी' के माध्यम से भोजन तक 'पहुँच' के रूप में खाद्य सुरक्षा पर बल दिया?
(1) मनमोहन सिंह
(2) एम.एस. स्वामीनाथन
(3) अभिजीत बनर्जी
(4) अमर्त्य सेन

12. Identify the accepted average calorie requirement in India per person per day.
(1) 2400 calories in rural areas and 2100 calories in urban areas.
(2) 2100 calories in rural areas and 2400 calories in urban areas.
(3) 2300 calories in rural areas and 2200 calories in urban areas.
(4) 2200 calories in rural areas and 2000 calories in urban areas.

भारत में प्रति व्यक्ति प्रति दिन स्वीकृत औसत कैलोरी आवश्यकता की पहचान कीजिए।
(1) ग्रामीण क्षेत्रों में 2400 कैलोरी और नगरीय क्षेत्रों में 2100 कैलोरी।
(2) ग्रामीण क्षेत्रों में 2100 कैलोरी और नगरीय क्षेत्रों में 2400 कैलोरी।
(3) ग्रामीण क्षेत्रों में 2300 कैलोरी और नगरीय क्षेत्रों में 2200 कैलोरी।
(4) ग्रामीण क्षेत्रों में 2200 कैलोरी और नगरीय क्षेत्रों में 2000 कैलोरी।

Prepp
Your Personal Exams Guide

13. Read the following statements about the development goals of two different people and choose the correct option.

Person A (a prosperous farmer): "I want a guarantee that the government will always buy my wheat at a high Minimum Support Price (MSP). I also want a new tractor."

Person B (a landless agricultural labourer): "I want there to be more days of work under the rural employment programme and for my children to go to school so they don't have to work in the fields."

Which of the following statements best describes their position on development ?

(1) Person A's goals are for national development, while Person B's goals are only for personal development.

(2) The goals of Person A and Person B are complementary and will automatically help each other.

(3) It shows that development for one may not be development for another and their goals can be conflicting

(4) Both persons have the same developmental goals but different ways of expressing them.

दो अलग-अलग व्यक्तियों के विकास के लक्ष्यों के बारे में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

व्यक्ति A (एक समृद्ध किसान) : "मैं चाहता हूँ कि सरकार हमेशा मेरी गेहूँ की फसल को ऊँचे न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर खरीदने की गारंटी दे। मैं एक नया ट्रैक्टर भी चाहता हूँ।"

व्यक्ति B (एक भूमिहीन खेतिहर मज़दूर) : "मैं चाहता हूँ कि ग्रामीण रोज़गार कार्यक्रम के तहत काम के अधिक दिन मिलें और मेरे बच्चे स्कूल जाएँ ताकि उन्हें खेतों में काम न करना पड़े।"

निम्नलिखित में से कौन-सा उनके विकास के दृष्टिकोण का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

(1) व्यक्ति A के लक्ष्य राष्ट्रीय विकास के लिए हैं, जबकि व्यक्ति B के लक्ष्य केवल व्यक्तिगत विकास के लिए हैं।

(2) व्यक्ति A और व्यक्ति B के लक्ष्य एक-दूसरे के पूरक हैं और स्वतः ही एक-दूसरे की मदद करेंगे।

(3) यह स्थिति दर्शाती है कि एक के लिए जो विकास है, वह दूसरे के लिए विकास न हो, यहाँ तक कि उनके लक्ष्य परस्पर विरोधी भी हो सकते हैं।

(4) दानों व्यक्तियों के विकास के लक्ष्य समान हैं, लेकिन उन्हें व्यक्त करने के तरीके अलग हैं।

14. The World Bank uses Per Capital Income as the main criterion to classify countries in the World Development Reports. A major limitations of this approach is that it :

(1) is too difficult to calculate for countries with large population.

(2) does not take the total income of the country into account.

(3) can hide disparities in income distribution within the country.

(4) focuses only on non-material factors like freedom and security.

विश्व बैंक अपनी विश्व विकास रिपोर्टों में देशों का वर्गीकरण करने के लिए 'प्रति व्यक्ति आय' को मुख्य मापदंड के रूप में उपयोग करता है। इस दृष्टिकोण की एक बड़ी सीमा यह है कि यह :

(1) बड़ी जनसंख्या वाले देशों के लिए गणना करने में बहुत कठिन है।

(2) देश की कूल आय को ध्यान में नहीं रखता है।

(3) देश के भीतर आय वितरण की असमानताओं को छिपा सकता है।

(4) केवल स्वतंत्रता और सुरक्षा जैसे अभौतिक कारकों पर ध्यान केंद्रित करता है।

Prepp
Your Personal Exams Guide

15. The process of removing barriers or restrictions set by the government of foreign trade and investment is known as ________.
(1) Globalization (2) Privatisation (3) Liberalisation (4) Investment
विदेशी व्यापार और निवेश पर सरकार द्वारा लगाए गए अवरोधों या प्रतिबंधों को हटाने की प्रक्रिया को ________ कहा जाता है।
(1) वैश्वीकरण (2) निजीकरण (3) उदारीकरण (4) निवेश

16. If a Union Government programme is challenged in court, this illustrates that major policy decisions in India :
(1) require prior judicial approval before implementation
(2) remain purely administrative unless parliament objects
(3) may enter the judicial domain when constitutional rights are implicated
(4) are invalid unless cleared by the civil services
यदि केंद्र सरकार की योजना को न्यायालय में चुनौती दी जाती है, तो यह दर्शाता है कि प्रमुख नीतिगत निर्णय :
(1) लागू करने से पहले न्यायिक स्वीकृति आवश्यक होती है
(2) केवल प्रशासनिक विषय रहते हैं जब तक संसद आपत्ति न करे
(3) संवैधानिक अधिकार प्रभावित होने पर न्यायिक क्षेत्र में आ सकते हैं
(4) सिविल सेवाओं की स्वीकृती के बिना अमान्य होते हैं

17. A major economic reform framed by the Cabinet faces resistance from coalition partners in Parliament. This situation highlights that policy decisions in a parliamentary democracy are shaped by,
(1) judicial supremacy over legislation.
(2) political negotiation within the legislature.
(3) bureaucratic veto over executive action.
(4) Presidential discretion.
मंत्रिमंडल द्वारा तैयार आर्थिक सुधार को संसद में गठबंधन सहयोगियों का विरोध मिलता है। यह दर्शाता है कि संसदीय लोकतंत्र में नीति निर्णय रूप लेता है,
(1) न्यायिक सर्वोच्चता से।
(2) विधायिका के भीतर राजनीतिक वार्ता से।
(3) नौकरशाही के वीटो से।
(4) राष्ट्रपति के विवेकाधिकार से।

18. The term *horizontal accountability* in the context of policy decisions implies :
(1) Citizens control policy through referendums
(2) Different constitutional institutions hold each other accountable
(3) Bureaucracy answers directly to the judiciary
(4) Parliament controls judiciary
*क्षैतिज जवाबदेही* नीतिगत निर्णयों के संदर्भ में क्या दर्शाती है ?
(1) नागरिक जनमत संग्रह से नीति नियंत्रित करते हैं
(2) विभिन्न संवैधानिक संस्थाएं एक दूसरे को जवाबदेही ठहराती हैं
(3) नौकरशाही सीधे न्यायपालिका को जवाब देती है
(4) संसद न्यायपालिका को नियंत्रित करती है

Prepp
Your Personal Exams Guide

19. Which of the following situations best illustrates the absence of rights in a political system ?
(1) The government nationalises private hospitals during a health emergency with compensation.
(2) A person is arrested without being given a reason.
(3) The judiciary upholds restrictions on speech that incites violence between communities.
(4) Parliament passes a law increasing taxes to fund rural employment programmes.

निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति एक राजनीतिक व्यवस्था में अधिकारों की अनुपस्थिति को सबसे बेहतर रूप में दर्शाती है ?
(1) सरकार स्वास्थ्य आपातकाल के दौरान निजी अस्पतालों का राष्ट्रीयकरण करती है और मुआवज़ा देती है।
(2) एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाता है। बिना कारण दिये।
(3) न्यायपालिका ऐसे भाषण पर प्रतिबंधों को सही ठहराती है जो समुदायों के बीच हिंसा भड़का सकता है।
(4) ससद ग्रामीण रोजगार कार्यक्रमों के लिए धन जुटाने हेतु कर बढ़ाने का कानून पारित करती है।

20. In a constitutional democracy, rights are often described as *counter-majoritarian*. Which situation best captures this idea ?
(1) A legislature passes a popular law expanding welfare benefits.
(2) A court invalidates a law supported by an overwhelming parliamentary majority because it violates free speech.
(3) Citizens vote against a tax increase in a referendum.
(4) The government introduces reservations for economically weaker sections.

संवैधानिक लोकतंत्र में अधिकारों को अक्सर *बहुमत-विरोध (counter-majoritarian)* कहा जाता है। निम्नलिखित में से कोन-सी स्थिति इस विचार को सबसे बेहतर दर्शाती है ?
(1) विधायिका एक लोकप्रिय कानून पारित करती है जो कल्याणकारी लाभों का विस्तार करता है।
(2) न्यायालय एक ऐसे कानून को निरस्त कर देता है जिसे संसद के भारी बहुमत का समर्थन प्राप्त था, क्योंकि वह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन करता है।
(3) नागरिक जनमत-संग्रह में कर वृद्धि के विरुद्ध मतदान करते हैं।
(4) सरकार आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षण लागू करती है।

21. Which of the following option is correct :
(A) Democracy promotes dignity and freedom of the individual in principle.
(B) Democracy strengthens the claims of the disadvantaged groups for equal status and equal opportunity.

Choose the **correct** option :
(1) Both (A) and (B) are true
(2) Both (A) and (B) are true and (B) is the consequence of (A)
(3) Both (A) and (B) are true and (A) is the consequence of (B)
(4) Both (A) and (B) are true but are not related

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है ?
(A) लोकतंत्र सैद्धांतिक रूप से व्यक्ति की गरिमा और स्वतंत्रता को बढ़ावा देता है।
(B) लोकतंत्र समान दर्जे और समान अवसर के लिए वंचित समूहों के दावों को मज़बूत करता है।

**सही** विकल्प चुनिए :
(1) (A) और (B) दोनों सही हैं।
(2) (A) और (B) दोनों सही हैं और (B), (A) का परिणाम है।
(3) (A) और (B) दोनों सही हैं और (A), (B) का परिणाम है।
(4) (A) और (B) दोनों सही हैं, लेकिन एक-दूसरे से संबंधित नहीं हैं।

Prepp
Your Personal Exams Guide

22. Democracy is best suited to negotiate conflicts because :
   (A) It suppresses social differences
   (B) It attempts to address social inequalities

   Choose the **correct** option :
   (1) (A) is true and (B) is false
   (2) Both (A) and (B) are true
   (3) Both (A) and (B) are false
   (4) (A) is false and (B) is true

   लोकतंत्र टकरावों को सुलझाने के लिए सबसे उपयुक्त है क्योंकि :
   (A) यह सामाजिक अंतरों को दबाता है
   (B) यह सामाजिक असमानताओं को दूर करने का प्रयास करता है

   **सही** विकल्प का चयन करें :
   (1) (A) सही है और (B) गलत है
   (2) (A) और (B) दोनों सही हैं
   (3) (A) और (B) दोनों गलत हैं
   (4) (A) गलत है और (B) सही है

23. Judicial review means :
   (1) Communication issued by an appropriate authority stating the policy or decision of the government.
   (2) Determining the constitutional validity of any legislation or action of the executive in the country, when it is challenged before courts.
   (3) The process of removing a Supreme Court Judge.
   (4) Interpreting the constitution of India.

   न्यायिक समीक्षा का अर्थ है :
   (1) किसी उपयुक्त अधिकारी द्वारा जारी किया गया संचार जिसमें सरकार की नीति या निर्णय का उल्लेख हो।
   (2) देश में किसी भी कानून या कार्यपालिका की कार्रवाई की संवैधानिक वैधता निर्धारित करना, जब उसे अदालतों में चुनौती दी जाए।
   (3) सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने की प्रक्रिया।
   (4) भारत के संविधान की व्याख्या करना।

24. If the opinion of Rajya Sabha and Lok Sabha differ regarding an ordinary bill then :
   (1) The opinion of Lok Sabha is followed
   (2) The opinion of Rajya Sabha is followed
   (3) A joint session is conducted
   (4) The President decision is held final

   यदि किसी साधारण विधेयक के संबंध में राज्यसभा और लोकसभा की राय अलग-अलग हो,तो :
   (1) लोकसभा की राय मानी जाती है।
   (2) राज्यसभा की राय मानी जाती है।
   (3) संयुक्त अधिवेशन बुलाया जाता है।
   (4) राष्ट्रपति का निर्णय अंतिम माना जाता है।

Prepp
Your Personal Exams Guide

25. Match the following :

(i) Summon — (a) An order issued by a court asking a person to appear before it

(ii) Writ — (b) Promise made by individuals, groups or countries to uphold a rule or principle. It is legally binding on the signatories to the agreement or statement.

(iii) Claim — (c) A formal document containing an order of the Court to the government issued only by High Court or the Supreme Court.

(iv) Covenant — (d) Demand for legal or moral entitlements a person makes on fellow citizens, society or the government.

Choose the **correct** option :

(1) (i)-(a), (ii)-(c), (iii)-(d), (iv)-(b)
(2) (i)-(c), (ii)-(d), (iii)-(a), (iv)-(b)
(3) (i)-(d), (ii)-(b), (iii)-(a), (iv)-(c)
(4) (i)-(b), (ii)-(a), (iii)-(d), (iv)-(c)

निम्नलिखित का मिलान कीजिए :

(i) समन — (a) अदालत द्वारा जारी किया गया एक आदेश जिसमें किसी व्यक्ति को उसके सामने पेश होने के लिए कहा जाता है।

(ii) रिट — (b) व्यक्तियों, समूहों या देशों द्वारा किसी नियम या सिद्धांत को बनाए रखने के लिए किया गया वादा। यह समझौते या बयान के हस्ताक्षरकर्ताओं पर कानूनी रूप से बाध्यकारी होता है।

(iii) दावा — (c) सरकार को अदालत का आदेश देने वाला एक औपचारिक दस्तावेज़ जो केवल उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी किया जाता है।

(iv) प्रतिज्ञापत्र — (d) कानूनी या नैतिक अधिकारों की मांग जो एक व्यक्ति साथी नागरिकों,समाज या सरकार से करता है।

**सही** विकल्प चुनिए :

(1) (i)-(a), (ii)-(c), (iii)-(d), (iv)-(b)
(2) (i)-(c), (ii)-(d), (iii)-(a), (iv)-(b)
(3) (i)-(d), (ii)-(b), (iii)-(a), (iv)-(c)
(4) (i)-(b), (ii)-(a), (iii)-(d), (iv)-(c)

26. Human Capital leads to higher incomes and productivity. This is possible because of :

(A) Investment in education and health for all.
(B) Training of both the industrial and agricultural workers in the use of modern technology.
(C) The purchase of plant and equipment.
(D) Investment in education alone.

Choose the **correct** option :

(1) (A)
(2) (A) and (B)
(3) (C) and (D)
(4) (D)

मानव पूँजी से उच्च आय और उच्च उत्पादकता प्राप्त होती है। यह संभव है क्योंकि :

(A) सभी के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य में निवेश।
(B) आधुनिक तकनीक के उपयोग में औद्योगिक और कृषि दोनों श्रमिकों का प्रशिक्षण।
(C) संयंत्र और उपकरणों की खरीद।
(D) केवल शिक्षा में निवेश।

**सही** विकल्प चुनिए :

(1) (A)
(2) (A) और (B)
(3) (C) और (D)
(4) (D)

Prepp
Your Personal Exams Guide

27. Which of the following statements correctly identifies the educational indicators used in the National Multidimensional Poverty Index ?
(1) Access to clean fuel and proper sanitation are the educational indicators.
(2) Years of schooling and child mortality are the educational indicators.
(3) Years of schooling and school attendance are the educational indicators.
(4) Nutrition and access to electricity are the educational indicators.

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक में प्रयुक्त शिक्षा संकेतकों की सही पहचान करता है?
(1) स्वच्छ ईंधन और उचित स्वच्छता तक पहुँच शिक्षा संकेतक हैं।
(2) स्कूली शिक्षा के वर्ष और बाल मृत्यु दर शिक्षा संकेतक हैं।
(3) स्कूली शिक्षा के वर्ष और स्कूल में उपस्थिति शिक्षा संकेतक हैं।
(4) पोषण और बिजली तक पहुँच शिक्षा संकेतक हैं।

28. Which of the following are the components of human capital ?
(A) Education (B) Health (C) Training (D) Skills
Choose the **correct** option
(1) (A), (B) and (C) (2) (A), (B) and (D)
(3) (B), (C) and (D) (4) (A), (B), (C) and (D)

निम्नलिखित में से कौन-से मानव पूँजी के घटक हैं?
(A) शिक्षा (B) स्वास्थ्य (C) प्रशिक्षण (D) कौशल
**सही** विकल्प चुनिए :
(1) (A), (B) और (C) (2) (A), (B) और (D)
(3) (B), (C) और (D) (4) (A), (B), (C) और (D)

29. A farmer producing for self-consumption is an example of :
(1) Market activities
(2) Non-market activities
(3) Both Market and Non-market activities
(4) Commercial activities

स्व-उपभोग के लिए उत्पादन करने वाला किसान एक उदाहरण है :
(1) बाज़ार क्रियाएँ
(2) गैर-बाज़ार क्रियाएँ
(3) बाज़ार और गैर-बाज़ार दोनों क्रियाएँ
(4) व्यावसायिक क्रियाएँ

30. Which of the following is an example of tertiary sector ?
(1) Tourism (2) Quarrying (3) Manufacturing (4) Forestry

निम्नलिखित में से कौन-सा तृतीयक क्षेत्र का एक उदाहरण है?
(1) पर्यटन (2) उत्खनन (3) विनिर्माण (4) वानिकी

Prepp
Your Personal Exams Guide

**31.** To acquire legitimacy for the revolt of 1857, what did the rebels do ?

(1) Sign treaty with British.

(2) Creating their own army, to fight the British.

(3) Asking Mughal emperor Bahadur Shah Zafar to become leader of the revolt.

(4) Making alliance with Indian Zamindars.

1857 के विद्रोह के लिए वैधता प्राप्त करने के लिए विद्रोहियों ने क्या किया ?

(1) अंग्रेजों के साथ संधि पर हस्ताक्षर किया।

(2) अंग्रेजों से लड़ने के लिए अपनी सेना बनाई।

(3) मुगल सम्राट बहादुर शाह ज़फर से विद्रोह का नेता बनने का आग्रह किया।

(4) भारतीय ज़मींदारों के साथ गठबंधन किया।

**32.** What were the demands of the 1848 revolution that was led by highly educated middle classes, in the German region ?

(1) To abolish monarchy and establish a socialist state.

(2) To grant the right to vote for all women and men without property.

(3) To establish a nation-state with a constitution, parliamentary rule, and freedom of the press.

(4) To expel all foreign merchants and traders from the German states.

जर्मन क्षेत्र में पढ़े-लिखे मध्यवर्गों के नेतृत्व में हुई 1848 की क्रांति की माँगें क्या थीं ?

(1) राजतंत्र को समाप्त करना और एक समाजवादी राज्य की स्थापना करना।

(2) बिना संपत्ति वाले सभी पुरुषों और महिलाओं को मतदान का अधिकार प्रदान करना।

(3) संविधान, संसदीय प्रतिनिधित्व और प्रेस की स्वतंत्रता के आधार पर एक राष्ट्र-राज्य की स्थापना करना।

(4) जर्मन राज्यों से सभी विदेशी व्यापारियों और व्यापारियों को बाहर निकालना।

**33.** 'Nature of nationalism changed in Europe in the last quarter of the nineteenth century.' Which of the following reasons explains the above statement the best ?

(1) It became idealistic and liberal-democratic, leading to peace.

(2) It became narrow groups of intolerant nationalists that were ready to go war.

(3) It focused solely on cultural expression through art and poetry.

(4) It led to the dismantling of all existing European empires.

''उन्नीसवीं सदी की अंतिम चौथाई तक यूरोप में राष्ट्रवाद का स्वरूप बदल गया।'' निम्नलिखित में से कौन सा कारण उपरोक्त कथन की सबसे अच्छी व्याख्या करता है ?

(1) यह आदर्शवादी और उदारवादी-लोकतांत्रिक बन गया, जिससे शांति स्थापित हुई।

(2) यह संकीर्ण लक्ष्यों वाला सीमित सिद्धांत बन गया और राष्ट्रवादी समूह एक-दूसरे के प्रति अनुदार होते गए तथा लड़ने के लिए तैयार रहते थे।

(3) इसने पूरी तरह से कला और कविता के माध्यम से सांस्कृतिक अभिव्यक्ति पर ध्यान केंद्रित किया।

(4) इसके कारण सभी मौजूदा यूरोपीय साम्राज्यों का विघटन हो गया।

Prepp
Your Personal Exams Guide

34. The justification given by the colonisers to clear forests was to :
(A) make the forests productive.
(B) meet the increasing demands for raw materials.
(C) strengthen its control over the territories.
Choose the **correct** option :
(1) (A) and (B) (2) (A) and (C) (3) (B) and (C) (4) (A), (B) and (C)

औपनिवेशिक शासकों द्वारा वनों को साफ़ करने के लिए दिया गया तर्क यह था :
(A) वनों को उत्पादक बनाना।
(B) कच्चे माल की बढ़ती माँगों को पूरा करना।
(C) क्षेत्रों पर अपना नियंत्रण मज़बूत करना।
**सही** विकल्प चुनिए :
(1) (A) और (B) (2) (A) और (C) (3) (B) और (C) (4) (A), (B) और (C)

620207543

35. The pastoral community of Raikas move out from their villages for grazing during which season ?
(1) Monsoon (2) Summer (3) Winter (4) Dry

रायका चरवाहा समुदाय चराई के लिए अपने गाँवों से किस मौसम में बाहर निकलता है ?
(1) मानसून (2) ग्रीष्म (3) शीत (4) शुष्क

620207543

36. What is the formula for calculating cropping intensity in percentage ?
(1) (Net Sown Area / Gross Cropped Area) $\times$ 100
(2) (Gross Cropped Area / Net Sown Area) $\times$ 100
(3) (Total Area / Cultivable Area) $\times$ 100
(4) (Net Sown Area / Total Area) $\times$ 100

फसल सधनता की प्रतिशत में गणना करने का क्या सूत्र है ?
(1) शुद्ध बोया गया क्षेत्र/सकल फसल क्षेत्र $\times$ 100
(2) सफल फसल क्षेत्र/शुद्ध बोया गया क्षेत्र $\times$ 100
(3) कुल क्षेत्र/खेती का क्षेत्र $\times$ 100
(4) शुद्ध बोया गया क्षेत्र/कुल क्षेत्र $\times$ 100

620207543

37. Which of the following soils gets it colour from the wide diffusion of iron in crystalline and metamorphic rocks ?
(1) Alluvial Soil (2) Red Soil (3) Black Soil (4) Peaty Soil

निम्नलिखित में से किस मृदा का रंग, क्रिस्टलीय और कायांतरित चट्टानों में लोहे के व्यापक प्रसार के कारण लाल होता है ?
(1) जलोढ़ मृदा (2) लाल मृदा (3) काली मृदा (4) पीटमय मृदा

38. Which year is known as the year of demographic divide ?

(1) 1919 (2) 1920 (3) 1921 (4) 1922

किस वर्ष को जनसांख्यिकीय विभाजक वर्ष के रूप में जाना जाता है ?

(1) 1919 (2) 1920 (3) 1921 (4) 1922

39. When a geographer looks for evidences of the continental drift theory of Wegner, which of the following will **not** be considered as an evidence ?

(1) The Gondwana rock system of glacier sediments found in India show resemblance with that of Australia and Madagascar.

(2) The shoreline of eastern coast of Africa and western coast of South America has a remarkable match.

(3) The widespread occurrence of 'tillite' across southern continents provides strong and unambiguous evidence of 'palaeo-climates'.

(4) The earliest marine and placer deposits of gold in South America and Africa suggest that the ocean did not exist before that time.

जब एक भूगोलवेत्ता वेगनर के 'महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धांत' (Continental Drift Theory) के साक्ष्यों की खोज करता है, तो निम्नलिखित में से किसे एक साक्ष्य के रूप में नहीं माना जाएगा ?

(1) भारत में पाए जाने वाले हिमानी अवसादों के गोंडवाना श्रेणी के तलछटों के प्रतिरूप, ऑस्ट्रेलिया और मैडागास्कर के साक्ष्यों के साथ साम्यता दर्शाते हैं।

(2) अफ्रीका की पूर्वी तटरेखा और दक्षिण अमेरिका की पश्चिमी तटरेखा में एक अद्भुत साम्य दिखाई देता है।

(3) दक्षिणी महाद्वीपों में 'टिलाइट' की व्यापक उपस्थिति 'पुरा-जलवायु' का स्पष्ट और निर्विवाद प्रमाण प्रदान करती है।

(4) दक्षिण अमेरिका और अफ्रीका में सोने के प्राचीनतम समुद्री और 'प्लेसर निक्षेप' यह सुझाव देते हैं कि उस समय से पहले महासागर का अस्तित्व नहीं था।

40. A farmer is planning to start a plantation in the fertile alluvial tract located specifically between the Chenab and Jhelum rivers in the Punjab plains. According to the regional classification of the Great Plains of India, which Doab is the farmer operating in ?

(1) Bari Doab (2) Bist Doab (3) Rechna Doab (4) Chaj Doab

एक किसान पंजाब के मैदानों में चिनाब और झेलम नदियों के बीच स्थित उपजाऊ जलोढ़ क्षेत्र में वृक्षारोपण करने की योजना बना रहा है। भारत के विशाल मैदानों के प्रादेशिक वर्गीकरण के अनुसार, वह किसान किस दोआब में कार्यरत है ?

(1) बारी दोआब (2) बिस्त दोआब (3) रचना दोआब (4) छाज दोआब

41. If Ashish is standing at Greenwich, London at 12:00 noon, which of the following city in India is aligned with the IST ?

(1) 4:30 AM at Imphal. (2) 5:00 PM at Dispur.

(3) 5:30 PM at Itanagar (4) 5:30 AM at Agartala.

यदि आशीष लंदन के ग्रीनविच में दोपहर के 12:00 बजे खड़ा है, तो भारत का कौन सा शहर भारतीय मानक समय (IST) के अनुसार सही समय दर्शा रहा होगा ?

(1) इंफाल में सुबह के 4:30 (2) दिसपुर में शाम के 5:00

(3) ईटानगर में शाम के 5:30 (4) अगरतला में सुबह के 5:30

42. Which of the following is **correct** in the context of earthquake waves ?

(1) Surface waves are generated due to the release of energy at the focus and move in all directions.

(2) Primary waves are similar to sound waves, it vibrates perpendicular to the direction of the wave.

(3) The seismographs located beyond 145° from epicentre, record P-waves but not the S-waves.

(4) The shadow zone of S-waves appears as a band around the earth between 105° and 145° away from the epicentre.

निम्नलिखित में से कौन सा कथन भूकंपीय तरंगों के संदर्भ में **सही** है?

(1) धरातलीय तरंगे उद्गम केंद्र पर ऊर्जा मुक्त होने के कारण उत्पन्न होती हैं और सभी दिशाओं में चलती हैं।

(2) 'P'-तरंगें (प्राथमिक तरंगें) ध्वनि तरंगों के समान होती हैं इनमें कणों का दोलन तरंग की दिशा के लंबवत होता है।

(3) अधिकेंद्र से 145° से परे स्थित भूकंपलेखी 'P'-तरंगों को दर्ज करते हैं लेकिन 'S'-तरंगों को नहीं।

(4) 'S'-तरंगों का छाया क्षेत्र अधिकेंद्र से 105° और 145° के बीच पृथ्वी के चारों ओर एक पट्टी के रूप में प्रतीत होता है।

43. Which of the following statements is **correct** in the context of motions of the Earth ?

(1) Inclination of the Earth to the plane of the ecliptic at an angle of $66\frac{1}{2}^{\circ}$.

(2) The earth rotates from East to West, so every 15° we go eastwards, local time is retarded by 1 hour.

(3) In summer, in the northern hemisphere, daylight decreases as we go polewards.

(4) Latitude is an angular distance measured in degrees along the equator East or West of the prime meridian.

पृथ्वी की गतियों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **सही** है?

(1) पृथ्वी अपने कक्षीय तल के साथ $66\frac{1}{2}^{\circ}$ का कोण बनाती है।

(2) पृथ्वी पूर्व से पश्चिम की ओर घूर्णन करती है, इसलिए प्रत्येक 15° पूर्व की ओर जाने पर स्थानीय समय 1 घंटा पीछे हो जाता है।

(3) उत्तरी गोलार्ध में ग्रीष्म ऋतु में, ध्रुवों की ओर जाने पर दिन की अवधि घटती है।

(4) अक्षांश वह कोणीय दूरी है जिसे डिग्री में प्रधान याम्योत्तर के पूर्व या पश्चिम में भूमध्य रेखा के साथ मापा जाता है।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**44.** Which of the following statements are **correct** in the context of physical features of India ?

(I) The peninsular plateau is composed of igneous and metamorphic rocks with gently rising hills and wide valleys.

(II) The width of the Himalayas varies from 600 km in Kashmir to 500 km Arunachal Pradesh.

(III) The average height of the 'Himadri' is 6,000 metres.

Choose the **correct** option :

(1) Only (I)
(2) Only (II) and (III)
(3) Only (I) and (III)
(4) (I), (II) and (III)

भारत के भौतिक स्वरूप के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से कथन **सही** हैं ?

(I) प्रायद्वीपीय पठार आग्नेय तथा रूपांतरित शैलों वाली कम ऊँची पहाड़ियों एवं चौड़ी घाटियों से बना है।

(II) हिमालय की चौड़ाई कश्मीर में 600 कि.मी. से लेकर अरुणाचल प्रदेश में 500 कि.मी. तक है।

(III) 'हिमाद्रि' की औसत ऊँचाई 6,000 मीटर है।

**सही** विकल्प का चयन करें :

(1) केवल (I)
(2) केवल (II) और (III)
(3) केवल (I) और (III)
(4) (I), (II) और (III)

**45.** Which of the following statements are **correct** in the context of Buxa Tiger Reserve ?

(I) It was declared as a tiger reserve in 1983.

(II) Dolomite mining affects the movements of animals.

(III) It is the passage of great Indian elephants.

(IV) It is situated in Madhya Pradesh.

Choose the **correct** option :

(1) (I) and (II)
(2) (II) and (IV)
(3) (I), (II) and (IV)
(4) (I), (II), and (III)

बक्सा टाइगर रिजर्व के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से कथन **सही** हैं ?

(I) इसे 1983 में एक टाइगर रिजर्व घोषित किया गया था।

(II) डोलोमाइट का खनन जानवरों के आवागमन को प्रभावित करता है।

(III) यह हाथियों के आवागमन का एक मुख्य मार्ग है।

(IV) यह मध्य प्रदेश में स्थित है।

**सही** विकल्प का चयन करें :

(1) (I) और (II)
(2) (II) और (IV)
(3) (I), (II) और (IV)
(4) (I), (II), और (III)

46. Why did the British government invite Dietrich Brandis to India in the 1860s ?
(1) To lead a rebellion against the local kings.
(2) To train people in conservation.
(3) To encourage the Adivasis to hunt dangerous animals.
(4) To help villagers expand their shifting cultivation plots.

ब्रिटिश सरकार ने 1860 के दशक में डाइट्रीच ब्रैंडिस को भारत क्यों आमंत्रित किया था ?
(1) स्थानीय राजाओं के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व करने के लिए।
(2) लोगों को संरक्षण में प्रशिक्षित करने के लिए।
(3) आदिवासियों को खतरनाक जानवरों का शिकार करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए।
(4) ग्रामीणों को उनकी झूम खेती के भूखंडों का विस्तार करने में मदद करने के लिए।

47. Archaeologists found evidence of a ploughed field at Kalibangan with two sets of furrows at right angles to each other. What does this suggest about Harappan agricultural practices ?
(1) They practiced crop rotation to maintain soil fertility
(2) They cultivated two different crops simultaneously in the same field
(3) They used advanced irrigation canals to water perpendicular furrows
(4) They relied on seasonal flooding to naturally irrigate fields

पुरातत्वविदों को कालीबंगन में एक जोते हुए खेत के साक्ष्य मिले हैं जिसमें दो समकोण पर हल की हुई क्यारियां बनी हुई थीं। इससे हड़प्पा सभ्यता की कृषि पद्धतियों के बारे में क्या पता चलता है ?
(1) वे मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए फसल चक्र अपनाते थे।
(2) वे एक ही खेत में एक साथ दो अलग-अलग फसलें उगाते थे।
(3) वे लंबवत क्यारियों को पानी देने के लिए उन्नत सिंचाई नहरों का उपयोग करते थे।
(4) वे खेतों की प्राकृतिक सिंचाई के लिए मौसमी बाढ़ पर निर्भर थे।

48. How did the socio-economic condition of the Indian countryside impact the mindset of the Company's sepoys ?
(1) Sepoys were urban professionals with no rural ties so it did not impact them.
(2) Sepoys felt disconnected from the high land taxes of villages.
(3) Most sepoys were "peasants in uniform" whose families lived in villages.
(4) Sepoys were granted land tax exemptions that the peasants were denied.

भारतीय ग्रामीण क्षेत्रों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति ने कंपनी के सिपाहियों की मानसिकता को किस प्रकार प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित किया ?
(1) सिपाही शहरी पेशेवर थे जिनका ग्रामीण जीवन से कोई संबंध नहीं था इसलिये उन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।
(2) सिपाही गांवों के उच्च भूमि करों से खुद को अलग-थलग महसूस करते थे।
(3) अधिकांश सिपाही "वर्दीधारी किसान" थे जिनके परिवार गाँवों में रहते थे।
(4) सिपाहियों को भूमि करों में छूट दी गई थी जो किसानों को नहीं दी जाती थी।

Prepp
Your Personal Exams Guide

49. Why did Mahatma Gandhi chose "Salt" as a central tool for mobilization ?
(1) It was a luxury item used by the rich.
(2) It was a universal necessity linking all social classes.
(3) It was the only product the British did not tax.
(4) It could only be produced in the Sabarmati Ashram.
महात्मा गांधी द्वारा आंदोलन के लिए ''नमक'' को चुनने का सबसे प्रमुख कारण क्या था ?
(1) यह एक विलासिता की वस्तु थी जिसका उपयोग अमीर लोग करते थे।
(2) यह एक सार्वभौमिक आवश्यकता थी जो सभी सामाजिक वर्गों को जोड़ती थी।
(3) यह एकमात्र ऐसा उत्पाद था जिस पर अंग्रेजों ने कर नहीं लगाया था।
(4) इसका उत्पादन केवल साबरमती आश्रम में ही हो सकता था।

50. What was the primary cause for the frequent clashes between Indian weavers and Gomasthas in the late 18th century ?
(1) The Gomasthas were local relatives of the weavers.
(2) The British government provided free raw materials to weavers.
(3) Weavers were given too much freedom to sell to other buyers.
(4) Gomasthas acted as outsiders with no social link to villages.
भारतीय बुनकरों और गोमस्थों के बीच 18वीं शताब्दी में बार-बार टकराव के मुख्य कारण क्या थे ?
(1) गोमस्थ बुनकरों के स्थानीय रिश्तेदार थे।
(2) ब्रिटिश सरकार बुनकरों को मुफ्त कच्चा माल उपलब्ध कराती थी।
(3) बुनकरों को अन्य खरीदारों को बेचने की अत्यधिक स्वतंत्रता दी गई थी।
(4) गोमस्थ गाँवों से कोई सामाजिक संबंध न रखने वाले बाहरी लोगों की तरह व्यवहार करते थे।

51. Which of the following evidences have been used by archaeologists to reconstruct dietary practices during Harappan Civilization ?
(A) Charred grains
(B) Seeds
(C) Animal bones
Choose the **correct** option :
(1) (A) and (B) (2) (A) and (C) (3) (B) and (C) (4) (A), (B) and (C)
पुरातत्वविदों ने हड़प्पा सभ्यता के दौरान आहार संबंधी आदतों को जानने के लिए निम्नलिखित में से किन साक्ष्यों का उपयोग किया है ?
(A) जले हुए अनाज के दाने
(B) बीज
(C) जानवरों की हड्डियाँ
**सही** विकल्प का चयन कीजिए :
(1) (A) और (B) (2) (A) और (C) (3) (B) और (C) (4) (A), (B) और (C)

Prepp
Your Personal Exams Guide

52. Choose the **correct** chronological order of dynastic rule of the Vijayanagar Empire :

(1) Sangama → Tuluva → Saluva → Aravidu

(2) Sangama → Saluva → Tuluva → Aravidu

(3) Sangama → Aravidu → Tuluva → Saluva

(4) Sangama → Aravidu → Saluva → Tuluva

विजयनगर साम्राज्य के राजवंशों के शासन का **सही** कालानुक्रमिक (समय के अनुसार) क्रम चुनिए :

(1) संगम → तुलुव → सालुव → अराविदु

(2) संगम → सालुव → तुलुव → अराविदु

(3) संगम → अराविदु → तुलुव → सालुव

(4) संगम → अराविदु → सालुव → तुलुव

53. Which of the following newspaper was published by Raja Rammohan Roy in 1821, to spread his reform ideas, leading to intense public debates with the Hindu orthodoxy ?

(1) The Bombay Samachar
(2) The Sambad Kaumudi
(3) The Shamsul Akhbar
(4) Samachar Chandrika

राजा राममोहन रॉय ने अपने सुधारवादी विचारों के प्रसार के लिए 1821 में निम्नलिखित में से किस समाचार पत्र का प्रकाशन किया, जिसके कारण हिंदू रूढ़िवाद के साथ तीव्र सार्वजनिक बहस हुई ?

(1) द बॉम्बे समाचार
(2) संवाद कौमुदी
(3) शम्सुल अख़बार
(4) समाचार चंद्रिका

54. In response to the Rowlatt Act, Mahatma Gandhi called for a nationwide *Satyagraha*. A brutal crackdown on the agitation led to a massacre on April 13, 1919, killing hundreds of people. Where did this massacre occur ?

(1) The Company Bagh (General Post Office Ground) in Delhi

(2) The Jallianwala Bagh in Amritsar

(3) The Tilak Maidan in Bombay (Mumbai)

(4) The Shahi Eidgah grounds in Lucknow

रौलेट एक्ट के विरोध में, महात्मा गांधी ने एक राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह का आह्वान किया। आंदोलन पर बर्बर दमन के कारण 13 अप्रैल, 1919 को एक हत्याकांड हुआ, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए। यह हत्याकांड कहाँ हुआ था ?

(1) दिल्ली में कंपनी बाग (जनरल पोस्ट ऑफिस मैदान)

(2) अमृतसर में जलियांवाला बाग

(3) बंबई (मुंबई) में तिलक मैदान

(4) लखनऊ में शाही ईदगाह मैदान

Prepp
Your Personal Exams Guide

55. How did the understanding of *Swaraj* differ for the plantation workers in Assam during the Non-Cooperation Movement, compared to the middle class in towns ?

For the plantation workers Swaraj meant,

(1) the right to vote in provincial elections.

(2) the freedom to move freely in and out of the tea estates and maintain a link with their native villages.

(3) the complete abolition of the zamindari system.

(4) the establishment of Indian-owned plantations.

असहयोग आंदोलन के दौरान असम के बागान श्रमिकों के लिए 'स्वराज' की समझ शहरों के मध्यम वर्ग की तुलना में किस प्रकार भिन्न थी ?

(1) बागान श्रमिकों के लिए, स्वराज का अर्थ प्रांतीय चुनावों में मतदान करने का अधिकार था।

(2) बागान श्रमिकों के लिए, स्वराज का अर्थ चाय बागानों में स्वतंत्र रूप से आने-जाने की आज़ादी और अपने पैतृक गाँवों के साथ संपर्क बनाए रखना था।

(3) बागान श्रमिकों के लिए, स्वराज का अर्थ ज़मींदारी प्रथा का पूर्ण उन्मूलन था।

(4) बागान श्रमिकों के लिए, स्वराज का अर्थ भारतीयों के स्वामित्व वाले बागानों की स्थापना करना था।

56. Which of the following is **NOT** correct about the pressure and wind conditions over India ?

(I) During winter, there is low-pressure area north of Himalayas.

(II) In summer, low pressure area develops over north-western India.

(III) India lies in the region of north easterly winds.

(IV) North-easterly winds get deflected to the left on the southern part of India due to Coriolis force.

**Options :**

(1) (I) and (IV) (2) (I), (II) and (III) (3) (II) and (III) (4) (III) and (IV)

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन भारत की वायु दाब एवं पवन तंत्र की स्थिति के बारे में सही **नहीं** है ?

(I) शीत ऋतु में, हिमालय के उत्तर में निम्न दाब वाला क्षेत्र होता है।

(II) ग्रीष्म ऋतु में, उत्तर-पश्चिमी भारत के ऊपर निम्न दाब का क्षेत्र विकसित होता है।

(III) भारत उत्तर-पूर्वी व्यापारिक पवनों के क्षेत्र में स्थित है।

(IV) कोरिऑलिस बल के कारण उत्तर-पूर्वि पवनें भारत के दक्षिणी भाग में बाईं ओर विक्षेपित हो जाती हैं।

**विकल्प :**

(1) (I) और (IV) (2) (I), (II) और (III) (3) (II) और (III) (4) (III) और (IV)

Prepp
Your Personal Exams Guide

57. Which of the following statements are **correct** in the context of population ?

(I) The first complete census was held in the year 1881.

(II) According to census of 2011, working-age population in India 15-59 years.

(III) The Government of India initiated the comprehensive Family Planning Programme in 1954.

(IV) The Indian census provides only demographic and social data.

Choose the **correct** option :

(1) (II) and (III) (2) (I) and (II) (3) (I), (II) and (III) (4) (I), (III) and (IV)

जनसंख्या के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से कथन **सही** हैं ?

(I) पहली संपूर्ण जनगणना वर्ष 1881 में हुई थी।

(II) 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में कार्यशील आयु वर्ग की जनसंख्या 15-59 वर्ष है।

(III) भारत सरकार ने 1954 में एक व्यापक परिवार नियोजन कार्यक्रम शुरू किया था।

(IV) भारतीय जनगणना केवल जनसांख्यिकीय और सामाजिक डेटा उपलब्ध कराती है।

**सही** विकल्प का चयन करें :

(1) (II) और (III) (2) (I) और (II) (3) (I), (II) और (III) (4) (I), (III) और (IV)

58. If a submarine moves from the coast toward the deep ocean, which sequence of relief features will it cross ?

(1) continental rise-continental shelf-continental slope-deep-oceanic trenches.

(2) continental shelf-continental slope-continental rise-deep-oceanic trenches.

(3) continental slope-continental shelf-deep-oceanic trenches-continental rise.

(4) deep-oceanic trenches-continental slope-continental shelf-continental rise.

यदि एक पनडुब्बी तट से गहरे समुद्र की ओर चलती है, तो वह उच्चावच लक्षणों के किस क्रम को पार करेगी ?

(1) महाद्वीपीय उभार-महाद्वीपीय मग्नतट-महाद्वीपीय ढाल-गहरी महासागरीय खाइयाँ

(2) महाद्वीपीय मग्नतट-महाद्वीपीय ढाल-महाद्वीपीय उभार-गहरी महासागरीय खाइयाँ

(3) महाद्वीपीय ढाल-महाद्वीपीय मग्नतट-गहरी महासागरीय खाइयाँ-महाद्वीपीय उभार

(4) गहरी महासागरीय खाइयाँ-महाद्वीपीय ढाल-महाद्वीपीय मग्नतट-महाद्वीपीय उभार

Prepp
Your Personal Exams Guide

59. Arrange the following water bodies in order, from South to North :

(I) Nagarjuna Sagar Dam

(II) Krishnaraja Sagar Dam

(III) Nizam Sagar Dam

(IV) Rana Pratap Sagar Dam

Choose the **correct** option :

(1) (I)-(II)-(IV)-(III) (2) (III)-(I)-(II)-(IV) (3) (I)-(III)-(IV)-(II) (4) (II)-(I)-(III)-(IV)

निम्नलिखित जलाशयों को दक्षिण से उत्तर के क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(I) नागार्जुन सागर बाँध

(II) कृष्णराज सागर बाँध

(III) निज़ाम सागर बाँध

(IV) राणा प्रताप सागर बाँध

**सही** विकल्प का चयन करें :

(1) (I)-(II)-(IV)-(III) (2) (III)-(I)-(II)-(IV) (3) (I)-(III)-(IV)-(II) (4) (II)-(I)-(III)-(IV)

60. In which one of the following States are the major oil fields located ?

(1) Assam (2) Bihar (3) Rajasthan (4) Tamil Nadu

निम्नलिखित में से किन राज्यों में मुख्य तैल-क्षेत्र हैं ?

(1) असम (2) बिहार (3) राजस्थान (4) तमिलनाडु

- o 0 o -

62077543

Prepp
Your Personal Exams Guide

# Question Paper / प्रश्न-पत्र

62377543

Maximum Marks : 40

अधिकतम अंक : 40

1. (A) Why were Chola temples considered a "hub of life" ? 2
चोल मंदिरों को "जीवन का केंद्र" क्यों माना जाता था ?
(B) What was unique about the Chola sculptures ? 2
चोल मूर्तिकला की क्या विशेषता थी ?

2. Why were people willing to believe in rumours and prophecies related to the 1857 revolt ? 4
1857 के विद्रोह से जुड़ी अफवाहों और भविष्यवाणियों पर लोगों ने विश्वास क्यों किया ?

3. How did geological events shape the present drainage system of India ? 4
भू-गर्भिक घटनाओं ने भारत के वर्तमान अपवाह तंत्र को किस प्रकार स्वरूप प्रदान किया है ?

4. (A) How are barchans formed ? Where are they found in India ? 2
बरखान कैसे बनते हैं ? भारत में यह कहाँ देखा जा सकता है ?
(B) Why are they crescent - shaped ? 2
वे अर्धचंद्राकार क्यों होते हैं ?

5. In the context of decentralisation of democracy :
लोकतंत्र के विकेंद्रीकरण के संदर्भ में :
(A) Examine the deepening of democracy. 2
लोकतंत्र की गहराई की जाँच करें।
(B) What are its limits and challenges ? 2
इसकी सीमाएँ और चुनौतियाँ क्या हैं ?

Prepp
Your Personal Exams Guide

6. (A) Why does the Tropic of Cancer create a dual climatic identity for India ? 2

कर्क रेखा भारत के लिए दोहरी जलवायुवी पहचान क्यों उत्पन्न करती है ?

(B) How do the Himalayas act as a 'Climatic Divide' for the subcontinent ? 2

हिमालय पर्वतमाला भारतीय उपमहाद्वीप के लिए एक 'जलवायु विभाजक' के रूप में किस प्रकार कार्य करती है ?

7. In the absence of Rights, what changes in the citizen-state relationship ? 4

अधिकारों के अभाव में नागरिक-राज्य संबंध में क्या परिवर्तन आता है ?

8. Analyse how a country like Japan, which lacks natural resources, managed to become a developed nation. 4

विश्लेषण कीजिए कि प्राकृतिक संसाधनों की कमी वाले देश जापान ने किस प्रकार एक विकसित राष्ट्र बनने का मार्ग प्रशस्त किया ?

SEAL

9. (A) Why were peasants in the Kheda district of Gujarat struggling in 1917 ? 2

1917 में गुजरात के खेड़ा जिले में किसान संघर्ष क्यों कर रहे थे ?

(B) What was the focus of Mahatma Gandhi's Satyagraha in Ahmedabad in 1918 ? 2

1918 में अहमदाबाद में महात्मा गांधी के सत्याग्रह का मुख्य उद्देश्य क्या था ?

10. Meena, a domestic worker, takes a loan from a moneylender at a very high interest rate to pay for her husband's medical treatment. She repays by cutting her household expenses drastically, but her debt continues to increase. 4

Critically analyse what places Meena in an adverse credit situation and what could drive her into a debt trap ?

मीना, जो एक घरेलू कामगार है, अपने पति के इलाज के लिए एक साहूकार से बहुत ऊँची ब्याज दर पर ऋण लेती है। वह अपने घरेलू खर्चों में भारी कटौती करके ऋण चुकाती है, लेकिन उसका ऋण बढ़ता ही जाता है।

गंभीरता से विश्लेषण कीजिए कि कौन सी परिस्थितियाँ मीना को ऋण की प्रतिकूल स्थिति में डालती हैं और क्या उसे कर्ज के जाल (ऋण-जाल) में धकेल सकता है ?

- o 0 o -